हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 101 | देहरादून, मंगलवार, 10 अक्टूबर, 2023 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



मंत्री गणेश जोशी ने लिटकॉन बैटल ऑफ विट्स शैड्यूल कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को किया संबोधित 3

# उत्तराखण्ड युवा महोत्सव-2023 में मुख्यमंत्री ने किया रोजगार प्रयाग पोर्टल का शुभारंभ

## सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार केन्द्रों का भी मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित उत्तराखण्ड युवा महोत्सव-2023 कार्यक्रम में रोजगार प्रयाग पोर्टल का शुभारंभ किया। राज्य में रोजगार के अवसरों को एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा युवाओं के लिए यह पोर्टल विकसित किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'युवा उत्तराखण्ड एप' लॉंच किया और सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार केन्द्रों का शुभारंभ भी किया। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं को एक ही जगह उपलब्ध कराये जाने के लिए आईटीडीए द्वारा युवा उत्तराखण्ड एप विकसित किया गया है। डिजिटल जानकारी के साथ ही युवाओं को योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी और आवेदन के लिए सभी जनपदों में सेवायोजन कार्यालयों में रोजगार केन्द्र विकसित करने की मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी। घोषणा के प्रथम चरण में मुख्यमंत्री ने देहरादून एवं उधमसिंहनगर के सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार कार्यालयों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रोजगार मेलों के माध्यम से चयनित 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये और विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

**कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा आई.आई.टी रूडक़ी, माइक्रोसॉफ्ट के साथ युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए किया गया करार**

उत्तराखण्ड युवा महोत्सव-2023 कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग और आई.आई.टी रूडक़ी के बीच एम.ओ.यू हस्ताक्षरित किया गया। आईआईटी रूडक़ी की तकनीकि विशेषता को राज्य की श्रमशक्ति के कौशल क्षमता के विकास के लिए यह एम.ओ.यू. किया गया। पहले चरण में कंस्ट्रक्शन सेक्टर में कार्यरत श्रम शक्ति की उच्च स्तरीय अपस्किलिंग के लिए आईआईटी रूडक़ी के इंक्यूबेटर सेंटर द्वारा तकनीकि सहयोग दिया जायेगा। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग और माइक्रोसॉफ्ट के बीच भी एम.ओ.यू हस्ताक्षरित किया गया। राज्य के उच्च तकनीकि संस्थानों में पढऩे वाले छात्र-छात्राओं को माइक्रोसॉफ्ट द्वारा डिजिटल स्किल से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा समाज के वंचित समूहों को भी डिजिटल प्रशिक्षण में तकनीकि सहयोग दिया जायेगा। इस अवसर पर एल्डरली केयर गिवर के रूप में जापान में राज्य के युवाओं को जापानी भाषा और रहन-सहन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए लर्नेट स्किल प्रा. लि. के साथ एमओयू किया गया। राज्य के नर्सिंग प्रशिक्षितों को इंग्लैंड एवं आयरलैंड में नर्स के रूप में कार्य करने के लिए एन्वेर्टज कंसल्टेंसी और जर्मनी में नर्स के रूप में कार्य करने के लिए जेनराईज ग्लोबल के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड ग्राउण्ड देहरादून में विशाल संख्या में आये युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज युवाओं के लिए जहां रोजगार प्रयाग पोर्टल और युवा उत्तराखण्ड एप लॉन्च किया गया है, वहीं आईआईटी रुडक़ी एवं माइक्रोसॉफ्ट के तकनीकी सहयोग प्राप्त किये जाने हेतु एमओयू भी किया गया है। रोजगार प्रयाग पोर्टल से जहां विभिन्न सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने वाले पदों की जानकारी एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सरल होगी, वहीं इस पोर्टल से विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के पदों की सूचना भी युवाओं को मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि के युवा न केवल प्रतिभा संपन्न एवं सामथ्र्यवान हैं, बल्कि मेहनती भी हैं। अनेक क्षेत्रों में हमारे प्रदेश की प्रतिभाओं ने देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य का भविष्य युवाओं की शक्ति पर निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है, जिसकी मजबूत नींव युवा हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नया भारत अपने युवा साथियों की सहायता और सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। राज्य में युवाओं के साथ किसी भी स्तर पर अन्याय नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने नकल विरोधी कानून लागू कर भर्तियों में घोटाले करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य किया है। रोजगार और स्वरोजगार की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 15 दिनों में उनके द्वारा द्वारा करीब एक हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के साथ ही स्पोर्ट कल्चर को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए जहां एक ओर नई खेल नीति लाई गई है, वहीं नौकरियों में खेल कोटे को भी पुनः प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में ₹मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' के अंतर्गत खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। सरकार अपने युवाओं की उन्नति के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राज्य के युवा भी प्रदेश की प्रगति और समृद्धि के लिए सरकार के साथ पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ अपना योगदान देंगे। उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे ₹विकल्प रहित संकल्प₹ को पूर्ण करने के लक्ष्य में भागीदार बनेंगे।

कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखण्ड के विकास के लिए युवाओं का कौशल विकास करना जरूरी है। इसी सोच के साथ युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार से जोडऩे के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का युवा शिक्षित है, उनको सही दिशा देने की दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं से युवाओं को सभी जानकारियां मिल सके, इसलिए सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की युवा शक्ति ही राज्य की आर्थिक समृद्धि का आधार है। युवा शक्ति कुशल एवं सशक्त होगी तभी राज्य निरंतर प्रगति करेगा। सभी सरकारी योजनाओं का पात्र लोग पूरा फायदा उठा सकें, इस दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजानदास, बृज भूषण गैरोला, सचिव विजय कुमार यादव, दीपेन्द्र चौधरी, निदेशक आईटीडीए नितिका खंडेलवाल उपस्थित उपस्थित थे।

# पीएम मोदी के दौरे से पहले स्वास्थ्य सचिव पहुंचे कुमाऊं, दिए निर्देश

- पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज के धीमे निर्माण पर हुए नाराज
- ऑर्गन डोनर में पिथौरागढ़ आगे, सचिव ने जताई खुशी






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पिथौरागढ़ , 10 अक्टूबर , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिथौरागढ़ दौरे से पहले स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने पिथौरागढ़ जनपद में स्वास्थ्य इकाईयों की जमीनी हकीकत को देखा समझा और अधिकारियों को अहम दिशा-निर्देश दिए है। आपको बता दें कि स्वास्थ्य सचिव ने पिथौरागढ़ में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर दिए अधिकारियों-कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश देते हुए जनपद की चिकित्सा इकाईयों का औचक निरीक्षण भी किया।

राज्य के स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार अपने कुमायूं मंडल के चंपावत और पिथौरागढ़ जनपद के भ्रमण पर स्वास्थ्य सुविधाओं की जमीनी हकीकत परखने के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों के संग समीक्षा बैठक कर अहम निर्देश दिये। सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इग्यारदेवी का निरीक्षण किया और वहां पर स्थित लैब का निरीक्ष णकर जरूरी निर्देश दिये। उसके बाद विकास भवन स्थित सभागार में प्रधानमंत्री के जनपद आगमन की तैयारियों से संबंधित जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान सभी कार्मिकों को एलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिए।

**ऑर्गन डोनर में पिथौरागढ़ आगे, सचिव ने जताई खुशी :** स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने जिले में सबसे अधिक ऑर्गन डोनर बनाए जाने पर खुशी जताई। वहीं जनपद में आयुष्मान योजना की धामी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने सुधार के निर्दश दिये। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि योजना में जनजागरूकता को लेकर व्यापक कंपेन चालया जाये। जनपद में 100 फीसदी आयुष्मान कार्ड का लक्ष्य लेकर पूरी व्यापक कार्य योजना बनाई जाये। हर घर आयुष्मान कार्ड की सुविधा को लेकर अधिकारी-कर्मचारी कार्य करें। योजना के महत्व के बारे में आम जनमानस को बतायें। इससे मिलने वाले लाभों को समझायें।

**मेडिकल कॉलेज के धीमे निर्माण पर जाहिर की नाराजगी :** इसके साथ ही स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने पिथौरागढ़ जनपद के निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सचिव ने बारीकी से निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तय समय पर पूरा होना चाहिए ताकि आम जनमानस को इसका पूरा लाभ मिले। स्वास्थ्य सचिव ने कार्यदायी संस्था को मजदूरों और मशीनरी की संख्या बढ़ाने के निर्दश दिये। साथ ही हिदायत दी कि निर्माणकार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाये।

# केरल में निपाह वायरस की दस्तक के बाद उत्तराखंड में अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 10 अक्टूबर : कोविड की तरह निपाह वायरस भी एक से दूसरे को संक्रमित कर सकता है। केरल में छह मरीज मिलने और दो मरीजों की मौत के बाद देश के कई राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड में भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पतालों में अलर्ट जारी किया है। इसके लक्षण दिखने पर मरीजों को क्वारंटाइन किया जाएगा। फिलहाल जिले में निपाह वायरस की जांच सुविधा नहीं है। अगर मरीज में लक्षण मिलते हैं तो जांच के लिए सैंपल ऋषिकेश एम्स भेजा जाएगा।

सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि निपाह वायरस के मामले उत्तराखंड में अब तक सामने नहीं आए हैं, लेकिन अगर किसी भी मरीज में निपाह वायरस जैसे लक्षण दिखते हैं तो जांच के लिए ऋषिकेश एम्स भेजा जाएगा। दून मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपक जुयाल ने बताया कि भारत में 2001 से अब तक निपाह वायरस छह बार आ चुका है। केरल में 2018 के बाद यह चौथी बार आया है।

यह चमगादड़ या सूअर से फैलता है। इसकी अब तक कोई दवा या वैक्सीन नहीं बनी है। लक्षण के आधार पर ही इलाज होता है। उमस और गर्मी वाले इलाकों में यह वायरस अधिक तेजी से फैलता है। ठंडे इलाकों में इसका प्रभाव कम रहता है। दून अस्पताल में अगर ऐसा कोई मरीज आता है और जांच की जरूरत पड़ी तो किट मंगाकर जांच की जाएगी

डॉ. दीपक ने बताया कि इस वायरस से दिमाग में सूजन आने पर मरीज की मौत भी हो सकती है। हालांकि, यह वायरस एक से दूसरे में तभी फैलता है जब नजदीक कॉन्टैक्ट हो। फिलहाल सरकार की ओर से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।लक्षण बुखार, सिर दर्द, कफ, गले में खराश, उल्टी, सांस लेने में दिक्कत, निमोनिया और दिमाग में सूजन। उपचारमरीज का इलाज लक्षण के आधार पर होता है।मरीज को अन्य लोगों से अलग 21 दिन के लिए क्वारंटीन किया जाता है।अन्य लोगों को संक्रमित के संपर्क में आने से मना किया जाता है।मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग जरूरी होता है।



# आखिर क्यों लग जाती है इंसान को शराब की लत, जानिए क्या कहते है एक्सपर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 10 अक्टूबर : बहुत से लोग इस समय शराब की लत से पीड़ित हैं। दुनिया में बहुत से ऐसे लोग हैं जो शराब के बिना नहीं रह सकते। यह तो सभी जानते हैं कि शराब पीना सेहत के लिए बहुत हानिकारक होता है, लेकिन फिर भी लोग शराब पीते हैं। कई लोग शराब पीने के बाद बेकाबू हो जाते हैं और अभिभूत हो जाते हैं। आखिर शराब में ऐसा क्या है जो इसे पीने पर मजबूर कर देता है? अब जब वैज्ञानिकों ने इस बात का खुलासा कर दिया है कि लोग शराब के आदी क्यों हो जाते हैं, तो आपको जानकर हैरानी होगी।

एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने संकेत दिया है कि बंदरों और लंगूरों की वजह से इंसान शराब के आदी हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि बंदर खाने के लिए पके और थोड़े सड़े हुए फलों की तलाश में हैं। उनका कहना है कि बंदरों द्वारा खाए गए फलों में करीब दो फीसदी अल्कोहल होता है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ द रॉयल सोसाइटी ऑफ ओपन साइंस में प्रकाशित हुआ है।

आइए जानते हैं इस स्टडी में वैज्ञानिकों ने क्या कहा। एक जीवविज्ञानी रॉबर्ट डडली लगभग 25 वर्षों से मनुष्यों में शराब की लत पर शोध कर रहे हैं। रॉबर्ट डुडले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में काम करते हैं। 2014 में, डुडले ने द ड्रंकन मंकीः व्हाई वी ड्रिंक एंड एब्यूज अल्कोहल नामक मनुष्यों में शराब के बारे में एक किताब लिखी। इस किताब में उन्होंने दिखाया है कि बंदरों और लंगूरों की वजह से इंसान शराब के आदी हो गए हैं।

उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है कि पके फलों से शराब जैसी गंध आती है। इसलिए बंदर फल के पकने का इंतजार करते हैं ताकि उनके द्वारा खाए जाने वाले फल में अल्कोहल की मात्रा मिल सके। इंसानों में शराब की लत का पता लगाने के लिए एक नया अध्ययन किया गया है।


यह अध्ययन 'शराबी बंदर' परिकल्पना का समर्थन करता है। अध्ययन कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में जीवविज्ञानी द्वारा आयोजित किया गया था। पनामा में पाए गए एक काले हाथ वाले मकड़ी बंदर से जीव वैज्ञानिकों ने फल और उनके मूत्र के नमूने एकत्र किए हैं। अध्ययनों से पता चला है कि बंदर थोड़े सड़े हुए फल खाते हैं, क्योंकि एक से दो प्रतिशत अल्कोहल प्राकृतिक किण्वन में पाया जाता है।

फल में अल्कोहल की मात्रा कम अल्कोहल वाली बीयर के बराबर होती है। बंदरों के पेशाब में अल्कोहल भी पाया गया है। अध्ययनों से पता



चला है कि शराब का इस्तेमाल ताकत के लिए किया जाता है। अध्ययन में शामिल क्रिस्टीना कैंपबेल का कहना है कि यह दिखाया गया है कि बंदर, इंसानों की तरह, मादक पेय खाना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहला अध्ययन है और काम किया जाना बाकी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अध्ययन यह निर्धारित करने के लिए किया गया था कि क्या शराब की लत बंदर शराब के सेवन से आई है।

# ऑनलाइन' रहने वाले बच्चों में होती है ये खास बातें, रिसर्च में हुआ खुलासा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 10 अक्टूबर : लाइफस्टाइल न्यूज डेस्क।। कोरोना काल में बच्चों का ज्यादातर समय कंप्यूटर और मोबाइल पर या तो ऑनलाइन क्लास लेने पर गुजरता था, या फिर अपने दोस्तों के साथ चैट करने में। कई बच्चे गेम्स और वीडियो देखने के लिए भी इनका ज्यादा इस्तेमाल करते थे ।

एक खबर के मुताबिक, यूनिवर्सिटी ऑफ बर्कले की नई रिसर्च में पता चला है कि बच्चों पर कंप्यूटर या मोबाइल के आगे घंटों बैठने से ज्यादा कंटेंट की गुणवत्ता का ज्यादा असर पड़ता है।

इस स्टडी में कहा गया है कि बच्चे और युवा अगर इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्क्रॉल और पोस्ट करते हैं, तो इससे ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। वे ऑनलाइन कितने घंटे बिताते हैं, यह सोचने की बात हो सकती है, लेकिन सबसे बड़ी मुश्किल उनके ऑनलाइन कंटेंट देखने और चैट की गुणवत्ता को लेकर है।

जर्नल ऑफ रिसर्च ऑन एडोलसेंस' में प्रकाशित शोध के मुताबिक जो बच्चे या युवा व्हाट्सऐप के जरिए दोस्तों और रिश्तेदारों से चैट करते हैं या मल्टीप्लेयर ऑनलाइन वीडियो गेम खेलते हैं, उन्हें अकेलेपन की कम शिकायत रहती है।शोध के प्रमुख लेखक एवं यूसी बर्कले इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट में वैज्ञानिक डॉ लूसिया मैगिस वेनबर्ग ने कहा, 'यह ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आप स्क्रिन पर अपना समय कैसे बिताते हैं, न कि कितना समय बिताते हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह भी पता चलता है कि आप अकेलापन महसूस करते हैं या नहीं। इसलिए टीचर्स और पैरेंट्स को स्क्रीन टाइम घटाने के बजाय पॉजिटिव ऑनलाइन कंटेंट को बढ़ावा देने पर जोर देना चाहिए। यानी हम ये सुनिश्चित करें कि बच्चे क्या देख रहे हैं? किस तरह का कंटेंट देख रहे हैं। डॉ लूसिया का कहना है, यह रिसर्च उस आम धारणा को चुनौती देती है कि सोशल मीडिया के बहुत ज्यादा यूज से बच्चे अकेलेपन के शिकार हो जाते हैं। ऑनलाइन कंटेंट या चैट का सकारात्मक इस्तेमाल किया जाए, तो अकेलापन दूर होता है।

# मंत्री गणेश जोशी ने लिटकॉन बैटल ऑफ विट्स शैड्यूल कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को किया संबोधित






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 10 अक्टूबर। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय पैट्रोलियम संस्थान, बिदोली, देहरादून में लिटकॉन बैटल ऑफ विट्स शैड्यूल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, आपकी सोच से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है देश का भविष्य उन पर निर्भर करता है और वे हर स्तर पर इसका प्रतिनिधित्‌ करते हैं।

देश के भविष्य के लिए हर युवा समान रूप से जिम्मेदार है। आप किस देश के निर्माण खंड हैं। युवा बहुत ऊर्जावान और उत्साही हैं। आप में सीखने और वातावरण के अनुरू ढलने की क्षमता होती है। इसी तरह, आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लि सीखने और उस पर कार्य करने के इच्छुक भी हैं। हमारे समाज का सुधार युवाओं के हाथ में है। उन्होंने कहा कोई देश के युवाओं के बिना परिवर्तन या प्रगति नहीं कर सकते। हम इस बात गवाह हैं कि किसी भी देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी आवश्यकता होती है।

मंत्री ने कहा किसी भी देश के लिए, किसी भी क्षेत्र में, चाहे वह तकनीकी क्षेत्र हो या खेल क्षेत्र, युवाओं की जरूरत होती है। उन्होंने कह युवावस्था जीवन भर का अनुभव है जो किसी व्यक्ति को आकार दे सकती है। यह निर्भरता के स्तर का निर्माण करता है, जिसे विभिन्न सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्यों के अनुसार विभिन्न तरीकों से चिह्नित किया जा सकता है। जीवन के इस चरण में, युवा हमेशा कल्पना या स्वतंत्रता और अपनी प्रतिक्रिया चुनने की शक्ति से प्रेरित होता है।

मंत्री ने कहा यह युग वीरता, कठोरता, बाहुबल, उत्तेजना, जिज्ञासा, निर्णयात्मक दृष्टिकोण से अधिक भरा हुआ है। युवा, स्वभाव से तर्कशील होने के कारण, उपयुक्त तर्क और निर्णय का दृष्टिकोण विकसित करते हैं। उन्होंने कहा युवा होना एक बहुत ही अनमोल धन है, और आप सभी में वो शक्ति है जो दुनिया को बदल सकती । जिंदगी में सफलता पाने के लिए, आपको कभी न हारने का निर्णय लेना होगा। तो अब अपने सपनों की ओर बढ़ें, उन्हें हासिल करें, और युवा पीढ़ी के रूप में आप बदलाव लाएं। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिभागियों विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए।

इस अवसर पर अध्यक्ष डीएसडब्ल्यू डॉक्टर निशांत मिश्रा, सहायक प्रबंधक गौतम भट्ट, प्रमुख खेल मोहित दाधीच, मनोवैज्ञानिक विशाल भारद्वाज सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भाजयुमो प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में कराएगा खेल महाकुंभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने कहा कि एशियन गेम्स में भारत की शानदार सफलता ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने इसे सरकार की प्रभावी खेल नीति का परिणाम करार देते हुए कहा, इस सफलता से प्रेरित होकर भाजयुमो ने पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तर पर खेल महाकुंभ का आयोजन करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के युवाओं को राष्ट्र स्तर पर पहचान दिलाने के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 2025 तक नशा मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को धरातल पर उतारना भी इसका मकसद है। भाजपा के कुमाऊं संभाग कार्यालय में सोमवार को पत्रकार वार्ता में शशांक रावत ने कहा कि 10 साल में एशियन गेम्स में भारत के पदकों की संख्या लगातार बढ़ी है। भाजयुमो की ओर से कराए जाने वाले खेल महाकुंभ में क्रिकेट, खोखो, वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन और एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी। जिलों में विधानसभाओं की भौगोलिक परिस्थिति के अनुरूप अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं कराईं जाएंगी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। इसके बाद मंडल और बाद में राज्य स्तर पर भी खेल महाकुंभ का आयोजन करने की योजना है। नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने के संकल्प को जमीन पर उतारने के इस प्रयास में युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता शत-प्रतिशत योगदान देंगे। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज बिष्ट, जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला, प्रदेश मंत्री विपिन पांडेय, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी गौरव जोशी, कुमाऊं सह संयोजक हिमांशु मिश्रा, मनोज रावत, उदित चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

## गृह प्रवास को संस्कृति से जोडऩे की जरूरत : पद्मश्री मठपाल

नैनीताल( आरएनएस )। कुमाऊं विवि के वाणिज्य विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सोमवार को विवि के देवदार हॉल स्वामी विवेकानंद भवन में शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री यशोधर मठपाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गृह प्रवास पर्यटन एवं भारतीय हिमालय क्षेत्र में सतत विकासः संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से विशेषज्ञ शामिल हुए।

कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. रावत ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में गृह प्रवास जैसे विषय पर मंथन विशेष पहल है। मुख्य अतिथि पुरातत्वविद पद्मश्री प्रो. मठपाल ने कहा कि होमस्टे के साथ ही विलुप्त हो रहे नदी-नाले व अन्य प्रकार की कलाकृतियां का संरक्षण भी करना होगा।

कार्यक्रम संयोजक वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने दो दिवसीय संगोष्ठी का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए सतत विकास, हिमालय एवं गृह प्रवास पर विचार रखे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में देशभर के विभिन्न स्थानों से शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान बेंगलुरू से डॉ. संध्या, पिथौरागढ़ से मल्लिका वर्दी समेत कई शोधकर्ताओं ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। शाम के सत्र में एनसीसी के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

ये रहे मौजूद

उच्च शिक्षा निदेशक सीडी सूंठा, डीसीबी परिसर निदेशक प्रो. नीति बोरा शर्मा, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. एसएस यादव, प्रो. सुबोध शर्मा, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एमएस मावड़ी, प्रो. युगल जोशी, भुवन नोटियाल, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. मनोज पांडे, डॉ. जीवन उपाध्याय, अंकिता आर्या, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. पूजा जोशी पालीवाल, डॉ.विनोद जोशी, रीतिशा शर्मा, आस्था अधिकारी, सुबिया नाज, प्रीति आदि। संचालन प्रो. दिव्या जोशी उपाध्याय ने किया।

## फरीदाबाद के बुजुर्ग पर्यटक की हार्ट अटैक से मौत

नैनीताल। फरीदाबाद से नैनीताल घूमने पहुंचे एक बुजुर्ग पर्यटक की रविवार रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन उन्हें बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। फरीदाबाद निवासी 65 वर्षीय राम सरण बजेटा अपने परिवार के साथ रविवार को नैनीताल घूमने आए थे। इस बीच वह घूमने के लिए पंगोट क्षेत्र में गए।

पंगोट के एक रिसॉर्ट में रात को उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन परिजन देर रात उन्हें बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। डॉ. हाशिम अंसारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। हालांकि, स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नौकुचियाताल झील में गंदगी देख लोगों में आक्रोश

हल्द्वानी नौकुचियाताल झील में जगह-जगह गंदगी जमा होने और दुर्गंध उठने पर लोगों में आक्रोश है। सोमवार को जिपं सदस्य अनिल चनौतिया के नेतृत्व में लोगों ने सिंचाई विभाग व एरियेशन प्लांट के ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की। कहा, झील में गंदगी व उससे उठ रही दुर्गंध से पर्यटन कारोबार प्रभावित हो रहा है। जिला पंचायत सदस्य चनौतिया ने बताया ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, झील को साफ रखने के उद्देश्य से 2015 में सरकार की ओर से 12 करोड़ 70 लाख रुपए से 3 एरियेशन प्लांट लगाए गए थे। कहा, सिंचाई विभाग व एरियेशन प्लांट के ठेकेदार झील की गंदगी साफ करने को कोई कार्रवाई नहीं कर रही। जिससे लोगों में नाराजगी है। उन्होंने जल्द झील की सफाई करने की मांग की है। इस दौरान पंकज भगत, ललित मोहन कर्नाटक, मुकेश साह, सुरेंद्र सिंह, पूरन, राजेश पलडिया रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

हल्द्वानी मोतीनगर भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप के समीप हल्द्वानी से लालकुआं को आ रहे युवको की मोटरसाइकिल में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। घायल युवको को उपचार के लिए हल्द्वानी ले जाया गया, जिनमे से एक युवक की मौत हो गईं दूसरे को उपचार के बाद घर भेज दिया है, युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताते चले कि रविवार की रात में लगभग 8.15 बजे भूपेंद्र सिंह कोरंगा पुत्र जगदीश सिंह कोरंगा निवासी संजय नगर- 2, बिंदुखत्ता व कमल धारियाल निवासी राजीव नगर 1 बोरिंगपट्टा बिंदुखत्ता हल्द्वानी से घर आते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, वे मोतीनगर भारत पेट्रोलियम के समीप अपनी मोटरसाइकिल से लालकुआं की ओर आ रहे थे, प्रत्यक्षदर्शियों ने घायल दोनों युवको को 108 की मदद से हल्द्वानी अस्पताल भिजवाया, जहां भूपेंद्र सिंह कोरंगा पुत्र जगदीश सिंह कोरंगा निवासी संजय नगर- 2, बिंदुखत्ता की उपचार के दौरान मौत हो गई, और दूसरे युवक को उपचार के बाद घर भेज दिया है। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### उत्तराखंड युवा एकता मंच ने बेरोजगार संघ में विलय का किया ऐलान

हल्द्वानी उत्तराखंड युवा एकता मंच की बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदेश भर में आर-पार की लड़ाई लडऩे का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि राज्य में संगठित हो रही युवा विरोधी ताकतों के मद्देनजर युवा आंदोलनकारी शक्तियों को एकजुट होकर आंदोलन करने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से एकता मंच का उत्तराखंड बेरोजगार संघ में विलय करने का बैठक में ऐलान किया गया। मंच के संयोजक पीयूष जोशी ने कहा कि राज्य में हालात दिन-पर-दिन खराब हो रहे हैं, राज्य निर्माण की परिकल्पना पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। भ्रष्टाचारी व प्रदेश विरोधी ताकतें संगठित हो रही हैं। नकल माफिया जमानत पर बाहर आ रहे हैं। ऐसे में कुमाऊं व गढ़वाल के सभी युवा आंदोलनकारियों और राज्य का हित चाहने वालों को एक मंच पर आकर बड़ा आंदोलन करना होगा। पीयूष ने कहा कि इसी मकसद से एकता मंच का उत्तराखंड बेरोजगार संघ में विलय करने का निर्णय लिया गया है। एकता मंच के कुमाऊंभर में करीब 3 हजार से अधिक युवा बेरोजगार संघ की सदस्यता लेंगे।

# पिथौरागढ़ जा रहे हैं तो पढ़ लीजिए ट्रैफिक प्लान, वरना परेशानी में पड़ जाएंगे आप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 10 अक्टूबर : 12 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर पिथौरागढ़ में होंगे। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए शहर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पीएम के कार्यक्रम के दौरान शहर के कई रूट डायवर्ट रहेंगे। पिथौरागढ़ पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था तय कर दी है। इस दौरान कई रूट बदले जाएंगे, साथ ही कई रास्तों को बंद किया जाएगा।

कार्यक्रम के लिए आने वाले वाहन रई ,सिल्थाम वाया घंटाकर्ण, चिमिस्या नौला, अपटैक तिराहा ,जीआइसी होते हुए डिग्री कॉलेज मैदान में पार्क होंगे। झूलाघाट रोड से आने वाले वाहन जाखनी, तिलढुकरी, वड्डा तिराहे से देव सिंह मैदान तक आएंगे और यात्रियों को उतार कर वहीं पर पार्क होंगे। भारी वाहन धारी, धमौड़ा पर पार्क होंगे, और कार्यक्रम के समाप्त होने के दो घंटे बाद शहर में प्रवेश करेंगे।

सभी वाहनों की शनि मंदिर से अपटैक तिराहे तक आवाजाही पूर्ण बंद रहेगी। शहर के अंतर्गत टकाना तिराहा, कलेक्ट्रेट गोल चक्कर और चंद तिराहा जीरो जोन रहेगा। यहीं पर मीडिया पार्किंग रहेगी।वीआईपी, मंत्रीगण, सांसद, विधायकों के वाहनों की पार्किंग आकाशवाणी मैदान में की जाएगी। इसके लिए अभी से तैयारियां कर ली गई हैं। वीवीआईपी के भ्रमण के दौरान पंडा बाईपास से डीआरडीओ, मानस एकेडमी की तरफ वाहनों की आवाजाही पूर्ण बंद रहेगी। एपीएस तिराहे में आर्मी सप्लाई गेट के पास ट्रैफिक पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। जाखनी तिराहे पर पुराने केरोसिन के पास सड़क पूरी तरह बंद रहेगी।

टनकपुर से आने वाले वाहन विजडम तिराहे से 50 मीटर पूर्व रोक दिए जाएंगे। कोई वाहन टनकपुर तिराहे से आए तो उसे एनएच वाले पेट्रोल पंप पर डेढ़ सौ मीटर पूर्व ही रोक दिया जाएगा। जिले के अन्य सभी स्थानों से आने वाले वाहनों को पूर्व में ही रोक दिया जाएगा। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद वाहनों को छोड़ने के लिए भी समय निर्धारित किया गया है। पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि वापसी के समय का रूट भी तय कर दिया गया है। इसके अलावा 1200 अधिकारियों और जवानों की टीम प्रधानमंत्री की सुरक्षा में मुस्तैद रहेगी। राज्य भर से पुलिस के जवान पिथौरागढ़ भेजे जा रहे हैं।




# देहरादून : सड़क पर चारपाई लगाकर रील बना रहा था लड़का, पुलिस ने बना दी रेल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 10 अक्टूबर : देहरादून में सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुआ। फोटो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति शिमला बायपास रोड में सेंट ज्यूड चौक पर रील बना रहा है। उसने सड़क के बीच चारपाई डालकर वीडियो बनाया। साफ तौर पर उसने यातायात को अवरुद्ध तो किया ही, साथ ही अपनी जान को भी जोखिम में डाल रहा था। जब ये फोटो वायरल हुआ तो इसका संज्ञान लेते हुए थाना पटेल नगर पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 283/341 लगाकर अभियोग पंजीकृत किया गया। और दोनों अभियुक्तों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है, मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



अभियुक्त का नाम और पता
1- गौरव कश्यप पुत्र विश्वास कश्यप निवासी सेवला कला थाना पटेल नगर देहरादून2- अब्दुल शमी पुत्र आसिफ हुसैन निवासी तेल पुर चौक मेहुवाला थाना पटेल नगर देहरादून।

# मानसून की विदाई के बाद अब बदलने लगा मौसम, सुबह-शाम बढ़ने लगी ठंड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 10 अक्टूबर : उत्तराखंड में मानसून विदाई के आठ दिन हो गए हैं। पहाड़ी इलाकों में सुबह-शाम तापमान में गिरावट होने से ठंड का अहसास होने लगा है। जबकि मैदानी इलाकों में मौसम सुहावना हो रहा है।

हालांकि, दिन का अधिकतम तापमान अभी भी सामान्य से अधिक है। राजधानी देहरादून समेत प्रदेशभर में दिन की शुरुआत धूप के साथ हुई। हालांकि पहाड़ी इलाकों में बादलों की आंख मिचौली जारी है। उधर, मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी मौसम का पूर्वानुमान के अनुसार अगले चार दिन तक प्रदेश भर का मौसम शुष्क रहेगा।



12 अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहने से मैदानी इलाकों में दिन के समय गर्मी रहेगी। उधर मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

## संविदा बोर्ड का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अल्मोड़ा पहुंचे कैलाश पंत का भव्य स्वागत

अल्मोड़ा। भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री कैलाश पंत श्रम संविदा बोर्ड का अध्यक्ष बनने के बाद आज पहली बार अल्मोड़ा पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया और फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राज्य मंत्री कैलाश पंत ने कहा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन उसके कार्यकर्ताओं की निष्ठा व लगन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को जो भी दायित्व मिला हो वह ईमानदारी से निभाए और ईमानदारी से काम करने वाले कार्यकर्ताओं पर संगठन की पैनी नजर रहती है। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, डीसीबी अध्यक्ष ललित लटवाल, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, प्रकाश भट्ट, बीना नयाल, अरविन्द बिष्ट, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र बिष्ट, सह प्रभारी जगत तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजा खान, पूर्व जिला महामंत्री महेश नयाल, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लीला बोरा, प्रदेश उपाध्यक्ष किरण पंत, गंगा बिष्ट, जगत भट्ट, हरीश कनवाल, ललित मेहता, नमो एप के जिला संयोजक कृष्ण बहादुर सिंह, मुकेश गुरुरानी, अजय वर्मा, निखिल टम्टा, हितेश नेगी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू व संचालन नगर महामंत्री मनोज जोशी एवं अर्जुन बिष्ट ने संयुक्त रुप से किया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य शिविर में 220 लोगों का परीक्षण कर दवा बांटी

विकासनगर। छावनी परिषद चकराता के सौजन्य और किमर्हॉन्स फाउंडेशन दिल्ली के तत्वावधान में छावनी बाजार स्थित चिल्ड्रन पार्क में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें दो सौ बीस मरीजों का उपचार कर उन्हें दवा वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अधिशासी अधिकारी कैंट बोर्ड आरएन मंडल ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से क्षेत्र की जनता को बहुत लाभ मिलता है। उन्होंने फाउंडेशन के माध्यम से छावनी में एक एमआई रूम स्थापित करने की बात भी कही। इस मौके पर अपोलो अस्पताल दिल्ली के शुगर, बीपी, हृदय रोग, हड्डी रोग, मनोरोग, नशामुक्ति, ईएनटी आदि विशेषज्ञों ने मरीजों का उपचार कर उन्हें मुफ्त दवा वितरित की। शिविर में डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ.नृपेंन्द्र कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. नफीसा प्रवीन, नेहा गुप्ता, गीतिका, विकास, नादिरा, तीर्थ कुकरेजा, सुनील राणा, तरुण आदि शामिल रहे।

### संस्कृति के संरक्षण के लिए गीत-संगीत बेहतर माध्यमः अग्रवाल

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण और संबद्र्धन के लिए गीत-संगीत अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिभाएं बहुत हैं, सही प्लेटफार्म मिलने पर उनकी प्रतिभा को निखारा जा सकता है। छिद्रवाला में मंत्री अग्रवाल ने स्थानीय कलाकारों द्वारा अभिनीत कुमाउनी गीत 'ब्वारी चाहा बनै दे को लॉन्च किया। उन्होंने कलाकारों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने महिला निर्देशक अंजली कैंतुरा को गीत के लिए बधाई दी। निर्देशक अंजली कैंतुरा ने बताया कि कुमाउनी गीत 'ब्वारी चाहा बनै दे एक ससुर और बहू के ऊपर फिल्माया गया है। यह गोदभराई की रस्म को दर्शाता है। गीत की शूटिंग छिद्रवाला में हुई है। इसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा अभिनय किया गया है। मौके पर ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, प्रधान जोगीवाला सोबन सिंह कैंतुरा, हरीश कक्कड़, अनिता राणा, समा पंवार, अमर खत्री, गढ़वाली गीत निर्माता सुरेश जोशी, गायक ललित गितियार, ममता आर्य, संगीत रंजीत सिंह, बोल ननु जोशी, प्रेम बिष्ट, कलाकार नताशा, आयशा, दिगंबर, शिवानी, शालनी, संगीता, स्नेहा राणा, सतीश, शुभम कैंतुरा, शिवम, अनुज रावत आदि उपस्थित रहे।

### सडक से उतरी बस, बड़ा हादसा टला

अल्मोड़ा। दिल्ली से गंगोलीहाट जा रही बस कालीधार मोड़ के पास एकाएक अनियंत्रित होकर सडक़ से उतर गई। जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि बस पेड़ से टकरा कर रूक गई। इससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 06 बजे दिल्ली से गंगोलीहाट जा रही रोडवेज की बस संख्या यूके07पीए-3226 अल्मोड़ा से आगे चितई कालीधार मोड़ के पास अनियंत्रित हो गई और सडक़ से नीचे उतर गई। यह देख यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इस बीच बस एकाएक पेड़ से टकरा कर रूक गई। जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि बस में 20 यात्री सवार थे। हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। इस हादसे के बाद सभी यात्रियों को दूसरी बस से आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। कुल मिलाकर चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। बाद में बस को निकालने के लिए क्रेन बुला ली गई थी।

### विधायक आर्य ने सरकार की योजनाएं बताई

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंची स्थानीय विधायक सरिता आर्या ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन और होमस्टे पर चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को ऐसी सुविधाएं दी जाएं जिससे उन्हें घर जैसा अनुभव हो।

**घोस्ट विलेज गोद लेकर होमस्टे की परिकल्पना होगी साकार**

मुख्य वक्ता प्रख्यात पर्यावरणविद् हिमगिरी जी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. एससी बागरी ने कहा कि घोस्ट विलेज घोषित हो चुके गांवों को गोद लेकर ऐसी जगह पर होमस्टे की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। एनआईएफएम वित्त मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व प्राध्यापक प्रो. एसएस खनका ने कहा कि होमस्टे को यहां की संस्कृति से जोड़ा जाए।

# देहरादून : मुख्य मार्गों पर एक ही रंग में रंगे जाएंगे घर, ये है प्लान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 10 अक्टूबर : प्रदेश की राजधानी देहरादून में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होना है। इसकी तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। इन्वेस्टर्स समिट से पहले राजधानी देहरादून को खूबसूरती से संवारा जाएगा। यहां सड़कों के आसपास हरियाली को बढ़ावा देने के लिए फूल और पौधे लगाए जाएंगे। सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार की ओर से इन्वेस्टर्स समिट को भव्य बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है।

इसके तहत देहरादून में मुख्य मार्गों के आसपास के घर संवारे जाएंगे। एमडीडीए को इन्वेस्टर्स समिट से पहले यह काम पूरा करना है। डेमो के तौर पर हरिद्वार रोड और आशारोड़ी की तरफ कुछ मकानों पर ग्रीन, लाइट ग्रीन, ऑफ व्हाइट रंग करवाया जा रहा है। इसमें से जो रंग अच्छा लगेगा। वह अन्य मकानों पर भी करवाया जाएगा।

इन्वेस्टर्स समिट में हिस्सा लेने के लिए देश विदेश से मेहमान दून पहुंचेंगे। ऐसे में एयरपोर्ट से एफआरआई के बीच 13 मुख्य मार्गों के आसपास लैंडस्केप, होर्डिंग लगाने, वॉल पेंटिंग समेत सौंदर्यीकरण का काम होना है। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। प्रदेश में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन दिसंबर में होना है। इस भव्य आयोजन के लिए देहरादून को खूबसूरती से सजाया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी एमडीडीए को दी गई है।





## डीएम हिमांशु खुराना ने सड़कों की मरम्मत के दिए निर्देश

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने एनएच, लोनिवि, पीएमजीएसवाई तथा बीआरओ को अपनी सड़कों को शीघ्र गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए है। कहा कि गुणवत्ता के साथ सड़कों पर पैचवर्क पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने गुरुवार को सड़क निर्माण करने वाले सभी विभागों की बैठक लेते हुए सड़कों को पैचलैस, गड्ढा मुक्त करने को लेकर किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी डिविजन शीर्ष प्राथमिकता पर क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरस्त करें। जिन डिविजनों ने अभी तक कार्य प्रारंभ नही किया है वो शीघ्र शुरू करें। कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि इसकी नियमित समीक्षा भी की जाएगी और लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के सभी डिविजनों में 35 सड़कों पर 162.72 किलोमीटर पैचवर्क का लक्ष्य है। जिसमें से अधिकांश सड़कों पर पैचवर्क कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जबकि पीएमजीएसवाई द्वारा विभिन्न सड़कों पर 96.39 किलोमीटर पैचवर्क किया जाना है। जिसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ दीपक सैनी, एसडीएम कुमकुम जोशी समेत एनएच, लोनिवि, पीएमजीएसवाई तथा बीआरओ के अधिशासी अभियंता उपस्थित थे।

## नंदासैंण मेले में होंगे लोक परंपराओं पर आधारित कार्यक्रम

चमोली। राज्य स्थापना दिवस से शुरू होने वाले चार दिवसीय नंदासैंण पर्यावरण संवर्धन एवं विकास मेले की तैयारियां शुरू हो गई है। रविवार को नंदासैंण में मेला तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही समिति का गठन कर जाख वार्ड के जिला पंचायत सदस्य विनोद नेगी को मेला समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं मोहन सिंह भंडारी को कार्यकारी अध्यक्ष और विनोद मालई को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। क्षेत्र पंचायत सदस्य हरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा कि मेले में पारंपरिक और स्थानीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए लोक परंपराओं पर आधारित कार्यक्रम किए जाएंगे। साथ ही नंदासैंण क्षेत्र के विकास के लिए मेले के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं गठित समिति में गोविंद भंडारी, लक्ष्मी रावत, पुष्कर सिंह, भूपेंद्र रावत, भूपेंद्र चौहान, सतेश्वर हिमालय, सुरेंद्र भंडारी और अर्जुन भंडारी को उपाध्यक्ष, सरिता कुंवर और सुभाष नौटियाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, केदार नैथानी कोषाध्यक्ष और हरेंद्र चौधरी को संयोजक बनाया गया। जबकि कल्याण सिंह रावत, अरूण मैठाणी, गोवर्धन कैलखुरा सहित स्थानीय एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को संरक्षक मंडल में रखा गया। बैठक में हर्षवर्धन नौटियाल, द्वारिका प्रसाद, याकूब मियां, पंकज कैलखुरा, अंजना देवली, रतन सिंह रावत, योगेंद्र रावत आदि ने विचार रखे।

## रिपोर्ट में महिला को बाघ द्वारा मारे जाने की हुई पुष्टि

पौड़ी। नैनीडांडा के बैडहाट मोछण में बीते मंगलवार को महिला को बाघ ने ही निवाला बनाया था। इस संबंध में भारतीय वन्य जीव संस्थान को भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट वन महकमे को मिल चुकी है, जिसमें महिला को बाघ द्वारा मारे जाने की पुष्टि हो गई है। गढ़वाल वन प्रभाग का यह क्षेत्र कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटा हुआ है। ग्रामीणों ने भी इस बात की आशंका जताई थी कि यह हमला गुलदार के बजाए टाइगर का ही है। अब इस मामले में आई रिपोर्ट ने पूरी स्थिति साफ कर दी है। इस क्षेत्र में बाघ करीब छह महीने बाद फिर सक्रिय हुआ है। इससे पूर्व 13 और 15 अप्रैल को बाघ ने क्रमशः रिखणीखाल के डल्ला और नैनीडांडा के भैडगांव में हमला कर दो लोगों को मार दिया था। तब वन विभाग ने कड़ी मशक्कत कर दो बाघों को ट्रैक्यूलाइज कर आंतक से निजात दिलाई थी। लेकिन इस क्षेत्र में बाघ दुबारा सक्रिय हो जाने के बाद वन विभाग की मुश्किले फिर बढ़ गई हैं। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध ने रिपोर्ट मिलने की बात कही है। प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रहे डीएफओ ने बताया है कि अब टाइगर को ट्रैक करने की रणनीति बनाई जा रही है। फिलहाल यहां लगाएं गए आधा दर्जन ट्रैपिंग कैमरों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। बाघ जल्दी ट्रैक हो इसके लिए कम से कम 20 कैमरे लगाएं जा रहे हैं। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद डीएफओ ने यहां ग्रामीणों से भी बातचीत की।

## गैरसैंण में युवा कांग्रेस ने निकाली तिरंगा यात्रा एवं किया पाचं सौ मीटर दौड़ का आयोजन

चमोली। गैरसैंण नगर में युवा कांग्रेस ने सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली और दौड़ का आयोजन किया। मुख्य चौराहे से सलियाणां व वापस उसी स्थान पर पहुंची पांच सौ मीटर दौड़ में क्षेत्र के दर्जनों युवक एवं युवतियों ने भाग लिया। बालिकाओं में मोनिका, मेघा व निकिता तथा बालकों में गौरव, रोहित व दिव्यांशु ने क्रमशः पहला दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिन्हें नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किये गये। तत्पश्चात युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली जो गैरसैंण मुख्य चौराहे से डाक बंगला रोड़ होते हुये पुनः चौराहे पर पहुंचें इसमें बड़ी संख्या में युवाओं महिलाओं ने भाग लिया। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के इस प्रकार के कार्यक्रम गांव गांव में आयोजित कर राज्य व केंद्र सरकार की विफलताओं की जानकारी जनता को मुहैया करेगी। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि युवा कांग्रेस इन प्रकार के कार्यक्रम पूरे प्रदेश में करने जा रही है कहा कि कांग्रेस देश को दिशा देने 2024 में केंद्र में भी आ रही है। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान ने कहा कि बीजेपी देश को धर्म एवं जाति के नाम पर बांटने का कार्य कर रही है वही उनके नेता राहुल गांधी देश में भारत जोड़ो यात्रा के तहद घूम घूम कर बीजेपी के नफरत की राजनीति के खिलाफ मुहब्बत का संदेश रहे हैं। जिसका देश की जनता दिल से स्वागत कर रही है। इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश नेगी, नपंअ पुष्कर रावत, ग्रामीण अध्यक्ष दान सिंह नेगी,नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र बिष्ट, पूर्व दर्जाधारी सुरेन्द्र बिष्ट, प्रदेश महामंत्री हरीकृष्ण भट्, बीरेन्द्र रावत,कुंवर रावत, सरोज शाह, जगदीश ढौडियाल, प्रदीप कुंवर, राकेश नेगी, हरेन्द्र कंडारी, बिरेन्द्र आर्य, पूरन नेगी, आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीजी की सीटें बढ़ाने की मांग

चमोली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में पीजी स्तर पर सीटें बढ़ाने की मांग की है। सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ को सौंपे सात सूत्री मांगों के ज्ञापन में परिषद के छात्रों ने वाचनालय में दैनिक समाचार पत्र, सभी विभागों में आरओ लगाने, नई शिक्षा नीति पर आधारित पुस्तकें पुस्ताकालय में रखने सहित पार्किंग को व्यवस्थित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अंकुर थपलियाल, सौरभ कुमार, आशुतोष गुसाईं, यश खंडूड़ी आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गढ़वाल विवि में बायोमैट्रिक हाजरी के लिए पंजीकरण 16 से

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के चौरास एवं बिड़ला परिसर में जल्द ही बायोमैट्रिक हाजरी शुरू होने जा रही है। इसके लिए गढ़वाल विवि में तैयारियों में जुटा हुआ है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के कुलसचिव ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि बायोमैट्रिक हस्ताक्षर प्रक्रिया को सुगमता एवं सरलता से संपन्न करवाये जाने को लेकर चौरास और श्रीनगर के प्राध्यापकों के लिए 16 से 20 अक्तूबर तक साढ़े दस बजे के बाद डाटा प्रोसेसिंग सेंटर, प्रशासनिक भवन श्रीनगर में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने सभी प्राध्यापकों से बायोमैट्रिक हाजरी के लिए तय तिथि और समय के भीतर अपना पंजीकरण करवाने की अपील की।

### लोकनृत्य में कुराड स्कूल अव्वल

चमोली। विकास खंड थराली के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज तलवाड़ी के खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता में थराली ब्लॉक के छ संकुल केन्द्रो के विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग लोक नृत्य में प्राथमिक विद्यालय कुराड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं जूनियर वर्ग मे हाई स्कूल कुराड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया मार्च पास में संकुल थराली प्रथम संकुल लोल्टी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया कबड्डी में न्याय पंचायत थराली प्रथम, लोल्टी द्वितीय रहा। खो-खो में थराली प्रथम, लोल्टी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक वर्ग बालक में सौरभ कुमार प्राथमिक विद्यालय मेल्टा, प्राथमिक वर्ग बालिका कुमारी ललिता प्राथमिक विद्यालय घिनपाणी, जूनियर वर्ग में राजकीय जूनियर हाई स्कूल घनियाल की कुमारी बबली ने चैंपियन रहे। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में निर्णायक अनुसूया प्रसाद, रंणजीत गिरी, आरएस बिष्ट, शंभू प्रसाद बहुगुणा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज ग्वालदम ने पुरस्कार वितरण किया।

### सरकारी परिसंपत्तियों को किराए पर देने की तैयारी

चमोली। सरकारी विभागों की परिसंपत्तियों को आम जनता के उपयोग के लिए किराए पर दिया जा सकेगा। परिसंपत्तियों को किराए पर देने से जो राजस्व प्राप्त होगा उसका 50 प्रतिशत विभाग को और 50 प्रतिशत राजकोष में जमा किया जाएगा। किराए की दर जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा तय की जाएगी। चमोली जनपद में विभागीय परिसंपत्तियों को चिन्हित करने हेतु शुक्रवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक में सरकार के इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा विभाग की ऐसी परिसंपत्तियां जिनको आम जनता के उपयोग हेतु किराए पर दिया जा सकता है उनको चिन्हित और सूचीबद्ध किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे विभाग की परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग के साथ राजस्व भी प्राप्त होगा। इससे जो आय प्राप्त होगी उससे विभाग अपनी परिसंपत्तियों की मरम्मत आदि में खर्च कर सकते है। उन्होंने कहा कि इससे विभागों को ही फायदा मिलेगा। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध किए गए परिसंपत्तियों की गहनता से समीक्षा की गई। बैठक में डेयरी विकास अधिकारी के उपस्थित न रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। बैठक में डीएफओ इन्द्र सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, अन्य विभागीय अधिकारियों सहित सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञानेन्द्र खंतवाल, हिमांद संस्था के सचिव उमा शंकर बिष्ट आदि उपस्थित थे।

### तलवाड़ी में बहुउददेशीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर 15 अक्टूबर को

चमोली। तलवाड़ी में होने बहुउददेशीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर के सफल संचालन को लेकर जिला जज धर्म सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर को हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायमूर्ति मनोज तिवारी की अध्यक्षता राजकीय इण्टर कॉलेज तलवाडी थराली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और आम जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने स्टॉल लगाने के निर्देश दिए।

# देहरादून में क्रिकेट का रोमांच, रन बरसाएंगे गौतम गंभीर और सुरेश रैना जैसे खिलाड़ी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 10 अक्टूबर : उत्तराखंड के क्रिकेट प्रेमी जल्द ही अपने फेवरेट क्रिकेटर को प्रदेश की राजधानी में चौके-छक्के लगाते देख सकेंगे। देहरादून में नवंबर में लीजेंड्स लीग के मुकाबले आयोजित होंगे। जिसमें दिग्गज क्रिकेटर गौतम गंभीर और सुरेश रैना समेत कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। लीग के दूसरे सीजन का शेड्यूल जारी हो गया है। यह जानकारी लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने दी। उन्होंने बताया कि इस सीजन में देहरादून, जम्मू, रांची, विशाखापत्तनम और सूरत में कुल 19 मैच खेले जाने हैं।

सीरीज का आयोजन 18 नवंबर से नौ दिसंबर तक होगा। जिसमें 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के कमिश्नर रवि शास्त्री ने बताया कि बीते सीजन में सुरेश रैना, आरोन फिंच, हाशिम अमला, रॉस टेलर, क्रिस गेल समेत कई प्रसिद्ध खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया लिया था।

दून में साल 2022 में रोड सेफ्टी लीजेंड्स सीरीज हुई थी, जिसमें सचिन, युवराज, इरफान पठान, यूसुफ पठान, नमन ओझा जैसे पूर्व भारतीय खिलाड़ियों ने खेला। इसके अलावा वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज रहे ब्रायन लारा, आस्ट्रेलिया के ब्रेट ली, शॉन वाट्सन जैसे कई बड़े नाम दून पहुंचे थे। अब देहरादून का अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम एक बार फिर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से गुलजार होने वाला है। 25 हजार दर्शक क्षमता वाले इस स्टेडियम को अफगानिस्तान ने अपना होम ग्राउंड भी बनाया था। इसके बाद बांग्लादेश, आयरलैंड देशों की सीरीज यहां खेली गई थी। साल 2022 में यहां रोड सेफ्टी सीरीज हुई, जबकि हाल ही में यहां पर यूपीएल के मुकाबले खेले गए थे।

# अल्मोड़ा जिला अस्पताल में मरीजों को लिखी जा रही बाहर की दवाईयाँ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अल्मोड़ा। सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं के सरकार कितने ही दावे कर ले लेकिन जमीनी स्तर पर वे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। पिछले हफ्ते जिला मुख्यालय के समीप दुर्घटनाग्रस्त कार के घायलों को हायर सेंटर ले जाने को पहले एम्बुलेंस नहीं मिल पाई और और जब घंटों बाद पहुंची भी तो उसको चालू करने के लिए धक्का लगाना पड़ा। ताज़ा मामला जिला अस्पताल का है जहाँ बाहर की दवाइयों का गोरखधंधा चल रहा है।

शासन के सख्त निर्देश के बावजूद भी जिला अस्पताल के कुछ डॉक्टर मरीजों को अस्पताल की पर्ची के साथ छोटी पर्ची में बाहर के मेडिकल स्टोर की दवाईयां लिख रहे हैं। पहले बाहर की दवाईयां अस्पताल की पर्ची में लिखी जाती थी लेकिन मीडिया में खबरें आने के बाद जिला अस्पताल की पर्ची पर मुहर लग रही है 'सरकारी पर्चे पर बाहर की दवाइयां लिखना और खरीदना प्रतिबंधित है' अब डॉक्टरों ने इसका तोड़ निकाला है कि वह छोटी पर्ची पर बाहर की दवाई लिख रहे हैं। और तो डॉक्टर कोड में दवाएं लिख रहे हैं जो जिला अस्पताल के दवा काउंटर वालों को भी समझ नहीं आ रही है, और तो और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को भी समझ नहीं आ रही हैं। बाहर की दवाओं से दूर गाँव से आने वाले मरीजों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई बार मरीजों की जेब में इतने पैसे भी नहीं होते कि वह इन दवाओं को खरीद सकें। जिला अस्पताल में बाहर की दवाओं का यह खेल काफी समय से चल रहा है। पर्ची पर लिखी जाने वाली दवाओं में से कई दवाएं ब्रांडेड भी नहीं हैं जिनको डॉक्टर मरीजों को लिख रहे हैं। जिला अस्पताल में दवा कंपनियों के एमआर ओपीडी टाइम में भी चिकित्सकों के पास देखे जा रहे हैं, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है। जबकि अस्पताल प्रशासन द्वारा दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों को मिलने के लिए शनिवार का समय दिया गया है। मामले पर जिला अस्पताल के सीएमएस एच सी गडक़ोटी ने बताया कि चिकित्सकों को पहले ही निर्देश दिया गया है कि डॉक्टर बाहर की दवाई नहीं लिखेंगे यदि कोई ऐसा करता पाया जाएगा तो कार्यवाही की जाएगी।

## ग्रामीण से मारपीट में पति-पत्नी समेत पांच पर मुकदमा

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर हकूमतपुर गांव में पति-पत्नी सहित पांच लोगों ने बाइक सवार एक ग्रामीण को रोककर उसकी बंद कमरे में लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। आरोपियों ने बुरी तरह पिटाई करने के बाद ग्रामीण को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति-पत्नी सहित पांच आरोपियों के खिलाफ रास्ता रोककर बंद कमरे में लाठी डंडों से पिटाई करने, गाली-गलौज, बलवा और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर दिया है। गुरफान पुत्र बरकत अली, निवासी शंकरपुर हकूमतपुर गुर्जर बस्ती ने सहसपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार सुबह वह करीब साढ़े नौ बजे बाजार से अपनी बाइक पर सवार होकर घर की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में राशिद पुत्र मंजूर, फैमूदा पत्नी राशिद, बिलाल पुत्र राशिद, मीर हसन पुत्र नेक मुहम्मद, आरिफ पुत्र मीर हसन सभी निवासी शंकरपुर हकूमतपुर ने उसकी बाइक को रोक दिया। आरोपियों ने उसे पकडक़र एक कमरे में बंद कर दिया और लाठी डंडों से जमकर पिटाई की। जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आयी हैं। यही नहीं आरोपियों उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई हरीश सत्ती को सौंपी है।

## साहिया विद्युत सब स्टेशन में लगा नया ट्रांसफार्म

विकासनगर। साहिया विद्युत सब स्टेशन में सोमवार को चालीस साल बाद पांच मेगावाट एंपियर का ट्रांसफार्म लगाया गया है। इससे पूर्व तीन मेगावाट एंपियर का ट्रांसफार्म लगा हुआ था। इससे क्षेत्र के लोगों को बिजली से संबंधित समस्यों से निजात मिलेगी। चकराता के सहायक अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि नये ट्रांसफार्म लगने से साहिया क्षेत्र के कोरूवा, मीनस सब स्टेशनों को अब विद्युत लोड की समस्याओं से निजात मिलेगी। कहा स्टेशन में पांच एंपियर का नया ट्रांसफार्मर लगया जा रहा है, जिसकी टेस्टिंग चल रही है। कहा कि अब आपदा जैसे हालत में विद्युत सब स्टेशन साहिया से अन्य क्षेत्रों में भी सप्लाई दी जा सकती है। कहा दो दिनों में नये ट्रांसफॉर्मर से बिजली सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। कहा जल्द ही साहिया टाउन को भी अलग से फिटर दिया जाएगा। इस दौरान परम सिंह, स्वराज सिंह, विष्णु प्रसाद, शेर सिंह, संजय वर्मा, संदीप नौटियाल, अनुज वर्मा आदि शामिल रहे।

## छात्रों ने किसानों से खेती संबंधित जानकारियां ली

ऋषिकेश(आरएनएस)। श्री गुरुराम राय विश्वविद्यालय के बीएससी के 67 छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत बुल्लावाला में शैक्षिक भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं ने किसानों से खेती संबंधित विभिन्न जानकारियां लीं।

सोमवार को श्री गुरुराम राय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस बीएससी के 67 छात्र-छात्राएं बुल्लावाला पहुंचे। वहां उन्होंने किसानों के घर पहुंच कर सोशल इकोनॉमिक कंडीशन और पॉलीटिकल एग्रीकल्चर कंडीशन के तहत कृषि में आने वाले संसाधनों के बारे में जानकारी एकत्रित की। छात्र उन्नतशील किसान ओमप्रकाश कंबोज के आवास पर पहुंचे। उन्होंने कृषि में प्रयोग होने वाले विभिन्न यंत्रों के बारे में जानकारी ली। कंबोज ने खेती में आने वाली विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अब खेती पारंपरिक तरीके से ना कर आधुनिक तरीके से लाभप्रद है। कहा कि एक बार में कई फसलें एक साथ तैयार की जा सकती है। इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा गन्ने की खेती होती है, लेकिन गन्ना 4 फीट से अधिक दूरी पर बुवाई किया जाता है। ऐसे में गन्नों के पौधों के बीच अन्य फसल उगाकर किसानों की आमदनी कई गुना बढ़ाई जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में ई ऑटो की ट्रेस्टिंग आज

पौड़ी। पौड़ी शहर में ई ऑटो के संचालन को लेकर पालिका ने तैयारी की है। शहर के दो रूटों पर फिलहाल ई ऑटो संचालन को लेकर पालिका मंगलवार को टेस्टिंग करने जा रही है। यदि टेस्टिंग पास हुई तो पौड़ी में पहली बार ई ऑटों के संचालन की राह खुल जाएगी। पौड़ी पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम ने बताया कि ई ऑटो की टेस्टिंग मंगलवार को की जार ही है। इसके लिए आरटीओ, एओ पालिका और पुलिस की एक संयुक्त टीम के सम्मुख यह टेस्टिंग की जा रही है। इसके लिए ई ऑटो को कोटद्वार से मंगवाया जा रहा है। समिति इसके संचालन को लेकर अपनी रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट सही आती है तो इसी महीने से पौड़ी में ई ऑटो का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल एसएसपी आवास से लेकर कंडोलिया और सीएमओ दफ्तर से स्टेशन होते हुए ईटीसी रूट तक इसका संचालन होगा।

### पुलिस ने काटा पांच हजार का चालान

पौड़ी। बीरोंखाल पुलिस ने मजदूरों का सत्यापन न कराने पर फिरोज हुसैन पुत्र रहिश हुसैन जसपुर का पांच हजार रुपये का चालान किया। बीरोंखाल पुलिस एसआई अमित भट्ट ने बताया कि फिरोज हुसैन बीरोंखाल में ठेकेदारी का काम करता है। उसने अपना सत्यापन तो किया है लेकिन अन्य मजदूरों का सत्यापन नहीं कराया। इसलिए उनका चालान किया गया है। उन्होंने सभी मकान स्वामियों से बाहरी मजदूरों का सत्यापन जरूर कराने की अपील की है।

### लूट के मोबाइल के साथ बाइक सवार आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रविवार देर शाम को 15 वर्षीय किशोर से मोबाइल लूट के मामले का कोतवाली पुलिस ने 24 चौबीस घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मोबाइल लूट के आरोपी बाइक सवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट का मोबाइल बरामद कर दिया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। रविवार देर रात कारे यशोदा पत्नी संजय खत्री, निवासी बडक़ोट जिला उत्तरकाशी हाल निवासी सहारनपुर रोड हरबर्टपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शाम सात बजे उसका पंद्रह वर्षीय बेटा अंश पैदल बाजार जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक बाइक सवार बेटे के हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल विकासनगर संजय कुमार ने चौकी प्रभारी हरबर्टपुर पंकज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर मोबाइल लुटेरे की तलाश शुरू कर दी। सोमवार को आरोपी लकी पुत्र संजय कुमार निवासी आदूवाला जुडली को ढालीपुर हरबर्टपुर से गिरफ्तार कर लूट का मोबाइल फोन बरामद किया। लूट में प्रयुक्त बाइक को पुलिस ने आरोपी से बरामद कर दिया है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### पौड़ी। द्वारीखाल ब्लाक के संदणियां गांव के ग्रामीण पिछले लंबे समय से सडक़ सुविधा...

पौड़ी। द्वारीखाल ब्लाक के संदणियां गांव के ग्रामीण पिछले लंबे समय से सडक़ सुविधा की राह देख रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि लोनिवि मंत्री की विधानसभा होने के बाद भी यह गांव सडक़ सुविधा से नहीं जुड़ पाया है। उन्होंने जल्द ही गांव को सडक़ से जोडऩे की मांग उठाई है। कहा कि सडक़ सुविधा नहीं होने से गांव से लगातार पलायन हो रहा है। स्थानीय ग्रामीण एवं वरिष्ठ राज्य निर्माण आंदोलनकारी विक्रम सिंह रावत ने बताया कि पिछले लंबे समय से गांव को सडक़ सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। सडक़ सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को 5 किमी पैदल चलकर आवाजाही करनी पड़ती है। कई बार शासन से लेकर प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी गांव को सडक़ सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी भी बनी हुई है। बताया कि गांव में सडक़ सुविधा नहीं होने से पलायन हो रहा है। कहा कि लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज की विधानसभा के बाद भी यह गांव सडक़ सुविधा के लिए तरस रहा है। उन्होंने जल्द ही लोनिवि मंत्री से गांव को सडक़ सुविधा से जोडऩे की मांग उठाई है।

# उत्तराखंड में बनेगी पहली सीमेंट फैक्ट्री सैकड़ों युवाओं को मिलेगा रोजगार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




पिथौरागढ़ 10 अक्टूबर : उत्तराखंड पर्यटन के अलावा उद्योगों के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां बनाई हैं, जिससे निवेशकों की भी प्रदेश में उद्योग लगाने में दिलचस्पी बढ़ी है। इसी कड़ी में प्रदेश में जल्द ही पहली सीमेंट की फैक्ट्री लगने वाली है। ये फैक्ट्री पिथौरागढ़ में स्थापित होगी। इस उद्योग के लिए जरूरी कच्चे माल लाइम स्टोन की जरूरत होती है,

जिसके पिथौरागढ़ में पर्याप्त भंडार मिले हैं। बड़े उद्योग समूहों ने यहां सीमेंट उत्पादन के लिए पहल की, यहां फैक्ट्री स्थापित करने में दिलचस्पी दिखाई है। पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट में करीब 1700 हेक्टेयर क्षेत्र में लाइमस्टोन का विशाल भंडार मिला है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने पिछले साल यहां सर्वे किया था। उनकी विस्तृत जांच के बाद इन दोनों स्थानों में पर्याप्त लाइमस्टोन होने की पुष्टि हुई है।

गंगोलीहाट में 800 और पिथौरागढ़ शहर से लगे करीब 900 हेक्टेयर क्षेत्र में लाइमस्टोन के भंडार मिले हैं। लाइमस्टोन के भंडार ने सीमेंट कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। जेके सीमेंट, श्रीश्री और बांगर सीमेंट, अंबुजा और अडानी समूह की अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने भी यहां उद्योग लगाने में रुचि दिखाई है। तीन अक्टूबर को यहां इन कंपनियों ने सात जगह से लाइमस्टोन के सैंपल भी लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिथौरागढ़ दौरे के दौरान इस उद्योग की जिले में स्थापना को लेकर बड़े ऐलान होने की उम्मीद है।

## संपादकीय



## एक शाश्वत युद्ध

यह एक देश ने दूसरे देश के खिलाफ युद्ध नहीं छेड़ा है। फिलस्तीन की गाजा पट्टी के अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन 'हमास' ने संप्रभु, स्वायत्त देश इजरायल पर अचानक आतंकी हमला किया है। हमास इजरायल के प्रति नफरत और दुश्मनी की हद तक सोचता है, लिहाजा उसके अस्तित्व को ही मान्यता नहीं देता। यह युद्ध कहां तक खिंचेगा, अभी आकलन करना मुश्किल है, लेकिन इजरायल ने इस हमले को 'युद्ध' करार देते हुए पलटवार किया है। नतीजतन गाजा पट्टी में विध्वंस जारी है। हमास इजरायल पर हमला कर बहुत कुछ तबाह कर चुका है। हैवानियत की हद तक उसके लड़ाके चले गए हैं। हमास ने जिन्हें बंधक बना कर गाजा की सुरंगों में रखा है, वह उन्हें मानव-ढाल के तौर पर इस्तेमाल करेगा। दोनों पक्षों के 1000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। घायलों की संख्या 4000 से ज्यादा बताई जा रही है। इजरायल ने हवाई हमले कर गाजा पट्टी में हमास के 426 ठिकानों को 'मलबा' बना दिया है। इजरायल के कुछ सैन्य अधिकारी 800 से ज्यादा ठिकानों पर हमले का दावा कर रहे हैं। उनमें रिहायशी इलाके, अस्पताल, स्कूल, बाजार भी शामिल हैं। गाजा करीब 23 लाख की आबादी वाला सबसे घना इलाका है, लिहाजा नुकसान और मौतें भी उसी अनुपात में होंगी। आखिर इजरायल वहां कितने हमले करेगा, क्योंकि गाजा के बाद अन्य देशों की सीमाएं शुरू होती हैं। बहरहाल इस अचानक, अप्रत्याशित युद्ध ने दुनिया के प्रमुख देशों को दो हिस्से में विभाजित कर दिया है। हालांकि हमास एक आतंकी संगठन है, जिसकी ताकत 50,000 से अधिक लड़ाके हैं, लेकिन ईरान, लेबनॉन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, ओमान, बांग्लादेश, पाकिस्तान आदि इस्लामी देश हमास का समर्थन कर रहे हैं। वे उसकी फंडिंग भी करते हैं। दूसरी तरफ भारत समेत अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम, यूरोपीय देशों ने हमास के इजरायल पर हमले को '9/11 जैसा आतंकी हमला' करार दिया है और उसकी निंदा भी की है। भारत इजरायल के साथ खड़ा है, लेकिन उसने फिलिस्तीन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला है। भारत के 18,000 से अधिक छात्र और कामगार, पर्यटक आदि इजरायल में हैं। फिलहाल सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। उनकी सकुशल वापसी के प्रयास शुरू हो चुके हैं। खुद प्रधानमंत्री दफ्तर इस अभियान की निगरानी कर रहा है। दरअसल अमरीका ईरान, सऊदी अरब और इजरायल की 'दोस्ती' कराने की मध्यस्थता कर मध्य-पूर्व की परिभाषा ही बदल देना चाहता था। उसका हमास, हिजबुल्लाह सरीखे आतंकी संगठन और कुछ अन्य देशों ने जमकर विरोध किया। अरब की दुनिया और यहूदियों के देश इजरायल के बीच एक शाश्वत वैमनस्य रहा है। विरोध और जंगों का लंबा अतीत है। दरअसल इजरायल में शनिवार को छुट्टी थी और अधिकतर लोग 'यहूदी उत्सव' के मूड में थे। सैनिक भी छुट्टी लेकर गए थे। ऐसे में हमास के लड़ाकों ने घुसपैठ की और इजरायल पर 5000 रॉकेट भी दागे गए। हवा, जमीन, समंदर से एक साथ अचानक हमले ने इजरायल को स्तब्ध कर दिया और दुनिया चौंक उठी। यदि बीते डेढ़ साल से गाजा पट्टी में खामोशी थी और हमास भी अपेक्षाकृत शांत था, तो इजरायल की विख्यात खुफिया एजेंसी 'मोसाद' और परम मित्र अमरीका की 'सीआईए' और सेटेलाइट प्रणालियों को आतंकी हमले की तैयारियों की भनक तक क्यों नहीं लगी? यह इजरायल की प्रतिष्ठा पर बहुत बड़ा सवाल और धब्बा है। यह बहुत बड़ी नाकामी भी है, जिस पर मंथन किया जा रहा होगा! सवाल यह भी है कि हमास के पास मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन, बम, टैंक आदि सैन्य हथियार इतनी संख्या में कहां से आए, जिनके सहारे एक जंग लड़ी जा सके?

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094

**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## कन्या गुरुकुल में हुआ अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

हरिद्वार। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई - 03 कन्या गुरुकुल परिसर, ज्वालापुर द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कन्या गुरुकुल परिसर, ज्वालापुर के प्रांगण में किया गया। एन0एन0एस0 की कार्यक्रम अधिकारी डा0 संगीता मदान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डा0 संगीता मदान ने स्वयं सेविकाओं को अमृत कलश यात्रा का उद्देश्य बताया कि अमृत कलश यात्रा हमारे वीर बलिदानियों के बलिदान और उनके त्याग के लिए समर्पित है और देश प्रेम की भावना जाग्रत करने के लिए तथा देश के लिए बलिदान देने वाले देश के वीर सपूतो के बलिदान को याद करने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है।

अमृत कलश यात्रा कन्या गुरुकुल के प्रांगण विज्ञान संकाय से प्रारम्भ की गयी। कलश यात्रा के दौरान स्वयं सेविकाओं ने हाथो मे माटी और चावल से भरे कलश और तिरंगे के साथ भारत माता की जय और मेरी माटी मेरा देश के नारे लगाये अपने देश के वीरो को नमन किया। पंचप्राणो को पूरा करने हेतु स्वयं सेविकाओं को शपथ ग्रहण करायी गयी।

## स्कूली छात्रों को दी जाएगी बाल अधिकारों की जानकारी

रुद्रप्रयाग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जनपद में शिविरों के माध्यम से बच्चों को बाल अधिकार एवं कानूनों की जानकारी दी जाएगी। पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग की ओर से स्कूल, कॉलेज, गांव-कस्बों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

यह शिविर 19 अक्तूबर तक आयोजित किए जाएंगे। अभियान को लेकर आयोजित शिविरों में वाद-विवाद, ड्राइंग, पोस्टर, स्लोगन, निबंध, नुक्कड़ नाटक एवं कविता समेत अन्य माध्यमों से बालक-बालिकाओं को बाल अधिकार एवं कानूनों की जानकारी दी जाएगी। अभियान के जरिए बालक-बालिकाओं को बाल मजदूरी, बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार सहित अन्य कानूनों की जानकारी दी जानी है।

## संक्षिप्त खबरें

### अत्याधुनिक तकनीक से कम हो सकता है आपदा का प्रभाव : लोहानी

रुडक़ी। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हाइड्रोलॉजी में इसरो द्वारा आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसमें अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके आपदा का प्रभाव कम करने पर नवागत वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एनआईएच के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर एके लोहानी ने कहा कि सेटेलाइट द्वारा जुटाए गए तथ्यों और अत्यधिक तकनीक का इस्तेमाल करके आपदा के प्रभाव को काफी काम किया जा सकता है। कहा कि आपदा प्राकृतिक चक्र का हिस्सा है। इसे रोका तो नहीं जा सकता लेकिन तकनीक का इस्तेमाल करके इसके प्रभाव को काम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट के माध्यम से आपदा वाले क्षेत्र से इक_I किए गए डाटा से रिमोट सेंसर जैसी तकनीक के जरिए इस्तेमाल करके पता लगाया जा सकता है कि आपदा का प्रभाव कितने क्षेत्र में फैल सकता है।

### जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताएं 11 और 12 अक्तूबर को

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की संस्कृत प्रतियोगिताओं के हरिद्वार जनपद संयोजक डॉ. नवीन चंद्र पंत ने बताया कि11 अक्तूबर को कनिष्ठ वर्ग और 12 अक्तूबर को वरिष्ठ वर्ग की जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्तराखंड संस्कृत विवि सभागार में होगा। जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। संस्कृत नाटक, संस्कृत समूह गान, संस्कृत समूह नृत्य आदि प्रतियोगता होगी।

### शिक्षक तकनीकी और ज्ञान दोनों पक्षों में परिपक्व हो: कुलपति

हरिद्वार। संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि जिस तरह एक पहिए से रथ की गति नहीं हो सकती इस प्रकार तकनीकी ज्ञान के अभाव में केवल परंपरागत शिक्षा द्वारा आधुनिक समय में छात्र की गति कठिन है। कहा कि आधुनिक समय की मांग भी यही है कि शिक्षक तकनीकी और ज्ञान दोनों पक्षों में परिपक्व हुए जाए। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय में परंपरागत संस्कृत शिक्षकों और छात्रों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री, कुलसचिव गिरीश कुमार अवस्थी और शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. दामोदर परगाई ने संयुक्त रूप से किया। परियोजना प्रभारी डॉ. सुमन प्रसाद भट्ट ने बताया कि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यशालाओं में यह चौथी राष्ट्रीय कार्यशाला है, जिसमें 50 प्रशिक्षु प्रतिभाग कर रहे हैं।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा

रुडक़ी। एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। परिवार के लोगों पर गाली-गलौच करते मारपीट किए जाने का आरोप लगाते कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### धन्नू प्रधान बने किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष

रुडक़ी। राष्ट्रीय अध्यक्ष महक सिंह सैनी ने कहा कि संगठन जनता की सेवा के लिए ही काम करता है। हमारी प्राथमिकता है कि संगठन के पदधिकारियों द्वारा कार्य किए जा रहे हैं, उसका सीधा लाभ जनता को पहुंचे। नए पदाधिकारी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निष्ठा से निभाते हुए बेहतर कार्य करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष महक सिंह सैनी, राष्ट्रीय सचिव ब्रहम सिंह धीमान, अनीश, साबिर राणा, रोशन, गौरव धीमान, विपिन मित्तल, अनिल कामबोज, गजे सिंह, रविन्द्र सैनी, मौहम्मद युनुस, आकिल प्रधान, अरूण सैनी, कालिम, सालीम, इकबाल, हसन, मजाहिद, वकील, मासूम अली आदि लोग मौजूद रहे।

### गाइड प्रशिक्षण के लिए 24 अक्तूबर तक आवेदन

हरिद्वार। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद देहरादून के स्तर से नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में लो एल्टीट्यूड गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम बैच 16 से 22 नवंबर, द्वितीय बैच 24 से 30 नवंबर, तृतीय बैच 17 से 23 दिसंबर तक संचालित किया किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय राही होटल परिसर हरिद्वार से आवेदन पत्र प्राप्त कर 24 अक्तूबर तक कार्यालय में भरकर जमा कर सकते हैं।

### कन्या गुरुकुल कैंपस में 69वें वन्य जीव सप्ताह का हुआ आयोजन

हरिद्वार। कन्या गुरुकुल कैंपस में 69वें वन्य जीव सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत परिसर में पोस्टर, पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन निबंध लेखन, क्विज आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रो0 नमिता जोशी ने मानव वन्य जीव संघर्ष के कारणों और निदान पर आख्यान दिया। परिसर में वन्य संरक्षण के अन्तर्गत पौधारोपण कराया गया। वन्य जीव सप्ताह 2023 की थीम ₹पार्टनरशिप फॉर वाइल्डलाइफ कंजर्वेशनर₹ के अंतर्गत एम.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा एकता झा तथा अर्पिता दास ने पी.पी.टी. प्रेजेंटेशन दिया। जिसमें उन्होंने वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ संगीता मदान ने कहा वन्य जीवों का वनों से अटूट रिश्ता है, वनों में रहने वाले जीव जन्तु और पक्षियें के लिए यही वन उनका घर है। वन्य प्राणियों से प्राकृतिक संतुलन बना रहता है। औद्योगिक की बढ़ती जा रही संख्या से वन्य क्षेत्र सिमटते जा रहे है। इसके कारण वन्य जीवो की प्रजातियां नष्ट होती जा रही है। वन्य जीवों का विलुप्त होना हमारे लिये खतरे की ओर संकेत दे रहा है। मानव जाति को यदि अपना अस्तित्व बनाये रखना है, तो पर्यटन का बढावा देना है एवं वनो को बचाये रखना है तो वन्य जीवों का संरक्षण करना होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भावी पीढ़ी को वन्य जीवन संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना रखा गया। कार्यक्रम में परिसर की समन्वयक, विभिन्न विभागों की शिक्षिकाऐं एवं छात्राओं द्वारा भागीदारी की गई। वन्य जीव सप्ताह के अन्तिम चरण में निराली मानिकपुरी ने विचारपरक काव्य पाठ किया तथा शची श्वेता पंत ने उत्तराखंड के वन्य जीवन पर प्रकाश डाला।

### फैक्ट्री कर्मी ने लिखाया मारपीट का मुकदमा

रुडक़ी। रुडक़ी के सुभाष नगर निवासी सुशांत गर्ग लक्सर की प्राइवेट फैक्ट्री में सिविल इंजीनियर हैं। छह अक्तबर को ड्यूटी के बाद वे घर लौट रहे थे। फैक्ट्री के बाहर तीन युवकों ने उनकी बाइक रुकवाई और मारपीट करने लगे। पीछे से आ रहे दूसरे कर्मचारियों ने उन्हें बचाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# जिला योजना में मिले धन को समय पर करें खर्च : डॉ. सौरभ गहरवार डीएम

## 31 दिसम्बर तक विभागों द्वारा धनराशि व्यय न की गई तो वापस ली जाएगी यह धनराशि

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग( आरएनएस )। जिला योजना की बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने समय पर धनराशि खर्च न करने वाले विभागीय अफसरों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जिला योजना में मिले धन को समय पर खर्च किया जाए। 31 दिसम्बर तक विभागों द्वारा धनराशि व्यय न की गई तो यह धनराशि वापस ली जाएगी।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय सत्र आधा बीत जाने के बाद भी कई विभागीय अधिकारियों द्वारा जिला योजना से आवंटित धनराशि खर्च न करने पर नाराजगी जताई गई। विभागवार समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ऐसे अफसरों को फटकार लगाते हुए कहा कि आवंटित धनराशि विभागों द्वारा तय लक्ष्यों के सापेक्ष खर्च की जाए। जबकि कार्य पूर्ण होने पर उपयोगिता प्रमाणपत्र भी अनिवार्य रूप से अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। कहा कि बजट खर्च न करने वाले संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के लिए जो भी धनराशि आवंटित है उसका लाभ आम जनमानस को पहुंचाने के लिए समय पर बजट खर्च करें। ऐसे विभाग जिनका बजट अभी पूर्ण खर्च नहीं हुआ एवं वह नए बजट की मांग कर रहे हैं, उन्हें पहले पूर्व में जारी बजट को खर्च करना होगा। कहा कि जिन विभागों ने निर्गत धनराशि व्यय कर ली है उनका उपयोगिता प्रमाणपत्र जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध करवाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, परियोजना अधिकारी विमल कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट, अपर जिला संख्याधिकारी सतेंद्र सैनी, जिला उद्यान अधिकारी योगेन्द्र चौधरी, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुंसाई, जिला सहायक निबंधक रणजीत सिंह राणा, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र महेश प्रकाश आदि मौजूद थे।

# एसआरटी परिसर में छात्रसंघ चुनाव के लिए 17 नामांकन

नई टिहरी। गढ़वाल विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल टिहरी में छात्रसंघ नामांकन के लिए विभिन्न पदों पर कुल 17 छात्र-छात्राओं ने नामांकन करवाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो.डीके शर्मा, निर्वाचन अधिकारी डा. केसी पेटवाल तथा डॉ. रविंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रसंघ निर्वाचन 2022-23 हेतु अध्यक्ष पद पर अंशुल भंडारी एवं कृष्ण नेगी, उपाध्यक्ष पर वैभव कुमार , सचिव पद पर नम्रता एवं कपेश्वर मिश्रा, सहसचिव पद पर अजय बेलवाल एवं अजय कुमार नाथ, कोषाध्यक्ष पर अनुराग मखलौगा एवं कार्तिक , विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर पंकज असवाल व सुनील तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए संगीता, मोहित तिवारी, गौरव कुमार व नरेश तथा कार्यकारिणी छात्रा आरक्षित पद के लिए सोनम रावत व प्रशांति देवी रेड्डी द्वारा नामांकन करवाया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रोफेसर डीके शर्मा ने अवगत कराया गया की 10 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच व 10 अक्तूबर को ही नाम वापसी रखी गई है। 10 अक्तूबर को श्याम 4:30 बजे प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी जाएगी। 11 को छात्रों द्वारा चुनाव प्रचार व 12 को छात्रों के साथ बैठक 13 को चुनाव तैयारी पर 14 को प्रात 8 बजे से 1 बजे तक मतदान और शाम को छात्र-छात्राओं का परिणाम घोषित कर शपथ दिलवाई जाएगी। परिसर निदेशक प्रो. एए बौड़ाई तथा निवर्तमान निदेशक प्रोआरसी रमोला ने सभी नामांकन केंद्रों का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं को शांतिपूर्ण ढंग से छात्र संघ नामांकन करवाने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. केसी पेटवाल, डा. रविंद्र सिंह, प्रो. एमएस नेगी, प्रो. पीडी सेमल्टी, प्रो. जीडीएस नेगी, प्रोफेसर गीताली पाडियार, प्रो. बीना जोशी, डा. हिमानी बिष्ट, डा. आशुतोष कांत, मुस्कान कपूर, डा. प्रेम बहादुर, डॉ. दिलीप मीणा आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व क्षेपं प्रमुख के पति का हुआ निधन

रुद्रप्रयाग। विकासखंड जखोली की पूर्व क्षेत्र पंचायत प्रमुख राजकुमारी रावत के पति शूरवीर सिंह रावत के आकस्मिक निधन पर क्षेत्रीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की है। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक भरत सिंह चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, क्षेत्र पंचायत प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत, पूर्व विधायक मनोज रावत, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल, सांसद प्रतिनिधि कुलेन्द्र राणा, पूर्व क्षेपंस सम्पूर्णानंद सेमवाल, कपूर सिंह रावत, प्रधान मनोज रावत, प्रधानाचार्य विजय सिंह रावत,क्षेपंस सिरवाड़ी पुष्पा रौथाण,पुनीता सेमवाल,मोर सिंह धिरवाण आदि शामिल थे।

# 10 नवीन जन्मी बालिकाओं का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया

रुद्रप्रयाग। बाल विकास परियोजना के सहयोग से अगस्त्यमुनि ब्लॉक सभागार में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना में जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर 10 नवीन जन्मी बालिकाओं का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी अगस्त्यमुनि शैली प्रजापति ने बताया कि नवीन जन्मी बालिकाओं अयांशा, प्रिया, प्रियाजल, काजल, अंजना, अनन्या, अल्का, दिव्यांशी, पीयूषी व दिव्यांशी का जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही सभी नवीन जन्मी बालिकाओं को उपहार पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित आम जनमानस को पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, हेल्पलाइन नंबर व विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सुपरवाइजर पुष्पा खत्री, सुमनलता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

# शान्ति प्रसाद भट्ट बने आब्जर्वर

नई टिहरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता उत्तराखंड पीसीसी मेंबर शान्ति प्रसाद भट्ट को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राजस्थान राज्य में कांग्रेस आब्जर्वर नियुक्त किया है। पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने राजस्थान की रामगंजमंडी सुरक्षित विधान सभा सीट का आब्जर्वर नियुक्त करते हुए शान्ति प्रसाद भट्ट से उम्मीद व्यक्त की है कि वह राजस्थान में अपने अनुभवों से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पहुंचकर काम करेंगे। राजस्थान में आब्जर्वर की जिम्मेदारी मिलने पर शान्ति प्रसाद भट्ट ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ( संगठन ) केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, उतराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, भुवन कापड़ी सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वह राजस्थान में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे, राजस्थान में आब्जर्वर के रूप में वह शीघ्र ही राजस्थान पीसीसी द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार राजस्थान रवाना होंगे।

# छात्राओं को दी रोजगार कौशल की जानकारी

नई टिहरी। धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम एवं नांदी फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित 6 दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में प्राचार्य प्रो. आरके उभान ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली तीन छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर रेनू शर्मा ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन,संप्रेषण कौशल, नेतृत्व क्षमता, सॉफ्ट स्किल, लाइफ स्किल्स, समूह साक्षात्कार, प्रोफेशनल वैल्यूज, क्रिटिकल थिंकिंग इत्यादि के विषय विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजय महर ने रोजगार कौशल के लिए छात्रों की अभिरुचि और नेतृत्व क्षमता पर प्रकाश डाला। मौके पर डॉ. विजय प्रकाश, विशाल त्यागी, अजय पुंडीर, निकिता, प्रिया, ऋषिका आदि मौजूद रहे।

# घनसाली में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का समापन

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक सभागार में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा का समापन हो गया। ब्लॉक शहीद सैनिकों के गांवों से कलशों में भरकर लाई गई मिट्टी को एकत्रित को ब्लॉक से एक कलश में भरकर राज्य स्तर पर पहुंचाया जाएगा। सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बसुमती घणाता ने कहा कि, सीमाओं पर खड़े वीर जवानों के कारण ही हम चैंन की नींद सोते हैं। वहीं ब्लॉक प्रमुख ने कार्यक्रम का सही से प्रचार-प्रसार ना होने पर अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी जताई। कनिष्ठ प्रमुख चंद्रमोहन नौटियाल व प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल ने कहा कि, उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देवभूमि के साथ साथ वीरों की भूमि भी कहा जाता है।

# कांशीराम को परिनिर्वाण दिवस पर याद किया

नई टिहरी। कांशीराम के 17वें परिनिर्वाण दिवस पर बसपाइयों व बामसेफ ने उन्हें याद कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आंबेडकर पार्क में एकत्र होकर बसपा और बामसेफ के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बसपा के जन्मदाता व संस्थापक कांशीराम को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस मौक पर बसपा के प्रदेश सचिव सुशील पांडे ने कहा कि कांशीराम सामाजिक परिवर्तन लाने वाले महानायक थे। उन्होंने दलितों व पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए काम किया और जीवन में समाज सुधार के लिए लड़ते रहे। जिसका परिणाम रहा कि समाज में बहुत सारी कुरीतियों पर उन्होंने प्रहार किया और उन्हें समाप्त करने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर सुशील पांडे, सोमी लाल, प्रमोद जैन, एमडी कवि, कलीम चौहान आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटिव आडिट के अंतर्गत विभागों का निरीक्षण किया

कोटद्वार। उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से गठित विशेषज्ञ टीम द्वारा डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय में एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट के अंतर्गत सभी विभागों का निरीक्षण किया गया। समिति के सदस्य प्रो. जीएस रजवार, प्रो. डीसी नैनवाल एवं प्रो. डीएस नेगी द्वारा प्रत्येक विभाग का निरीक्षण किया गया तथा सभी विभागों को निरीक्षण के पश्चात आवश्यक सुझाव दिए गए। समिति द्वारा आईक्यूएसी कोर्डिनेटर तथा समस्त सदस्यों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय में निर्मित की जा रही चरक मृदा खाद का अनावरण भी किया गया। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार द्वारा सभी विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वेतन नहीं मिलने से आक्रोश

कोटद्वार। मुख्य शिक्षाधिकारी पौड़ी की लापरवाही के कारण जनपद के अशासकीय विद्यालयों के 66 इंटरमीडिएट कालेजों व माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 1000 शिक्षक व कर्मचारियों को सितम्बर माह का वेतन नहीं मिल पाया है, जिससे इन विद्यालयों के शिक्षक व कर्मचारी आक्रोशित हैं। माध्यमिक शिक्षक संघ पौड़ी के जिलाध्यक्ष डॉ महावीर सिंह बिष्ट ने बताया कि पौड़ी जिले में वेतन समय पर नहीं मिलने की समस्या को लेकर उन्होंने पिछले माह मुख्य शिक्षा अधिकारी से मुलाक़ात की थी। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी ने हर माह की 5 तारीख तक वेतन आहरण करने का आश्वासन दिया, लेकिन अभी तक भी शिक्षक व कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाया है। प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष संजय रावत ने कहा कि अब त्योहारों का मौसम शुरू हो रहा है शिक्षक व कर्मचारी वेतनविहीन है, ऐसे में उनका त्यौहार फीका ही मनेगा। समय पर वेतन नहीं मिलने से शिक्षकों को अपने घर का खर्चा चलाने, गृह ऋण भरने व बच्चों के कोर्स की फीस भरने सहित अन्य कार्यों में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन में अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक व कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हुआ तो वे मुख्य शिक्षाधिकारी का घेराव करने को मजबूर होंगे।

### मवाकोट-कण्वाश्रम संपर्क मोटर मार्ग की मरम्मत की मांग

कोटद्वार। श्री ओंकारेश्वर रामलीला कमेटी कण्वघाटी एवं मवाकोट के स्थानीय निवासियों ने बरसात के कारण क्षतिग्रस्त मवाकोट-कण्वाश्रम संपर्क मोटर मार्ग की मरम्मत की मांग की है। इस संबध में स्थानीय निवासियों के प्रतिनिधि मंडल ने मदनमोहन सिंह रावत और प्रमोद बहुखण्डी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र सिंह रावत से मुलाकात की। स्थानीय निवासियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को अवगत कराया कि बरसात में मालन पुल के क्षतिग्रस्त होने पर भाबर क्षेत्रवासी आवागमन के लिए इसी मोटर मार्ग का उपयोग कर रहे थे। इसके अलावा कोटद्वार से कण्वाश्रम आने के लिए भी इस मोटर मार्ग का प्रयोग किया जाता है। वर्तमान में इसकी हालत खराब है। इसलिए इस मोटर मार्ग की मरम्मत कर आवाजाही करने के लायक बनाया जाना चाहिए। इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने शीघ्र ही मोटर मार्ग मरम्मत करने का आश्वासन दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष से मुलाकात करने वालों में दिनेश सिंह गौड़, मनोज नेगी, सौरव रावत, अशोक गौड़, प्रेम सिंह नेगी, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, शशि कान्त जोशी और प्रणय डबराल आदि शामिल रहे।

### पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा

कोटद्वार। नगर निगम के अंतर्गत बद्रीनाथ मार्ग स्थित बुद्धा पार्क की स्थिति में निगम की ओर से सुधार व सौंदर्यीकरण कार्य कर जनता को समर्पित कर दिया गया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में निगम महापौर हेमलता नेगी ने पार्क को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि निगम कोटद्वार शहर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के लिए विकास कार्य भविष्य में भी जारी रखे जायेंगे। कहा कि पार्क में विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं, साथ ही पार्क का सौंदर्यीकरण भी किया गया है। मौके पर नगर आयुक्त वैभव गुप्ता और पार्षदों ने पार्क के चारों ओर वृक्षारोपण किया। इस दौरान पार्षद विपिन डोबरियाल, पदमेंद्र रावत,अनिल रावत, अनिल नेगी, हरीश नेगी, नईम अहमद और मीनाक्षी कोटनाला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बाढ़ के नुकसान की मुआवजा राशि पर भडक़े किसान

रुडक़ी। उत्तराखंड किसान मोर्चा ( रोड़ गुट ) ने मखियाली खुर्द में मासिक पंचायत कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। पंचायत में बाढ़ से नुकसान के सर्वे को गलत बताकर प्रशासन की ओर से कम मुआवजा दिए जाने पर सख्त नाराजगी जताई। कहा कि मोर्चा की मांग पर अब प्रशासन फसलों के नुकसान का दोबारा सर्वे करवा रहा है। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ ने पंचायत की शुरुआत की। कहा कि देश में सबसे ज्यादा किसान हैं लेकिन एकजुट नहीं होने से उनका सबसे ज्यादा शोषण होता है। बाद में किसानों ने अपनी दिक्कतें बताई। एकमत होकर कहा कि बाढ़ से उनकी पूरी फसल बर्बाद हुई है। कई जगह भू-कटाव से खेत ऊसर हो गए हैं। आरोप लगाया कि प्रशासन ने बाढ़ के नुकसान का सही सर्वेक्षण नहीं कराया है।

### मेरी माटी मेरा देश की बदौलत गुमनाम शहीदों को जाना

रुडक़ी। ब्लॉक परिसर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारंभ कलश में मिट्टी और चावल इक_ा कर किया गया। सांसद निशंक ने सभी को पंच प्रण शपथ दिलाई। उन्होंने रुडक़ी ब्लॉक की सभी पंचायतों को बधाई देते हुए कहा की राजधानी में बनने वाली अमृत वाटिका के हम सब साक्षी बनेंगे। अमृत वाटिका की सुगंध पूरे विश्व में जाएगी। उन्होंने कहा की मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की बदौलत ही हमें मानकापुर आदमपुर, कुंजा बहादरपुर, सुनहरा जैसे क्रान्तिकारी गांव के इतिहास के बारे में पता चला है। इन गांव के क्रान्तिकारियों ने देश की आजादी में अपना योगदान दिया है। इस कार्यक्रम की बदौलत ही हमने गुमनाम शहीदों को जाना है। रुडक़ी विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि शहीदों के सम्मान में ये एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सोशल मीडिया पर युवती की बनाई फर्जी आईडी

रुडक़ी। लक्सर से सटे गांव की युवती ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसने अपने मोबाइल से सोशल मीडिया पर एक आईडी बना रखी है। पिछले दिनों किसी ने उसकी आई हैक की और कुछ अश्लील फोटो पर उसका चेहरा लगाकर उसी की आईडी पर अपलोड कर दी। यही नहीं, आईडी पर उसका फोन नंबर भी डाल दिया। तब से अनजान लोग उसे कॉल कर अश्लील बातें कह रहे हैं। इस वजह से उसे अपना मोबाइल भी ऑफ रखना पड़ रहा है। तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।